भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1795
जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2026 को दिया जाना है ।
7 श्रावण, 1948 (शक)

पंजाब में आईटी बुनियादी ढांचे का विकास

1795. श्री गुरजीत सिंह औजलाः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार द्वारा अमृतसर जिले और पंजाब के समीपवर्ती सीमावर्ती क्षेत्र में युवाओं के भविष्य के लिए एक बड़ा सूचना प्रौद्योगिकी निवेश किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

भारत सरकार ने आईटी क्षेत्र के विस्तार का सहयोग करने के लिए कई पहल और कार्यक्रम शुरू किए हैं और पूरे देश में इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) इसी प्रयास में एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने देश भर में 73 केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें पंजाब के अमृतसर और मोहाली में स्थित 2 केंद्र भी शामिल हैं। एसटीपीआई केंद्र इनक्यूबेशन सेवाएं, हाई स्पीड डेटा संचार सेवाएं, क्लाउड सेवाएं और अन्य वैधानिक सहायता सेवाएं प्रदान करते हैं ताकि नवीन विचारों वाले उद्यमी एसटीपीआई की मदद से अपने स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इन्क्यूबेशन सुविधा वेंचर कैपिटलिस्टों (वीसी), आईआईटी/एनआईटी/उद्योग के सलाहकारों और नेटवर्किंग के अवसर जैसे निवेशकों के साथ बैठक करने का अवसर प्रदान करती है।
पंजाब राज्य में 142 एसटीपीआई-पंजीकृत इकाइयों ने लगभग 31,000 रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।
पंजाब में एसटीपीआई केंद्रों का विवरण इस प्रकार है:

केंद्र का नाम	कुल अनिर्मित स्थान (वर्ग फुट)	कुल प्लग एंड प्ले सीटें	इन्क्यूबेशन इकाइयों की संख्या
मोहाली	28,418	100	22
अमृतसर	12,136	197	2

एसटीपीआई मोहाली में डेटा सेंटर टियर- III प्रमाणित, 2.5 मेगावाट क्षमता, 183 रैक डेटा सेंटर, कोलोकेशन और क्लाउड सेवाओं की सुविधा देता है। प्रमुख ग्राहकों में सर्ट-इन, अर्नेट, हार्ट्रॉन, भुवनेश्वर स्मार्ट सिटी, नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (एनएएसी), सीडीएसी आदि शामिल हैं।

पंजाब राज्य में, एसटीपीआई ने 20.92 करोड़ रुपये के कुल बजटीय परिव्यय के साथ एमईआईटीवाई, पंजाब सरकार, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) मोहाली, पंजाब टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (पीटीयू) और उद्योग भागीदारों के सहयोग से बिग डेटा, एवीजी और आईओटी में उद्यमिता केंद्र (सीओई) की स्थापना की है। इसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डेटा एनालिटिक्स (डीए), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), और एवीजी (ऑडियो, विजुअल और गेमिंग) जैसे प्रमुख डोमेन में तकनीकी स्टार्ट-अप का सहयोग करना है। सीओई स्टार्टअप इकोसिस्टम के विभिन्न पहलुओं में सहायता प्रदान करता है, जिसमें इनक्यूबेशन, मेंटरशिप, लैब इंफ्रास्ट्रक्चर, गो-टू-मार्केट रणनीति, बाजार पहुंच, फंडिंग आदि शामिल हैं।

सीओई ने 142 स्टार्ट-अप का सहयोग किया है, जिसके परिणामस्वरूप 171 प्रोटोटाइप और 158 उत्पादों का विकास हुआ है। यह परियोजना फरवरी 2026 में समाप्त हो गई है, हालांकि सीओई एक स्थायी चरण में है।

****